विभागवार टेलीफो

रि. प्र.सं. 06/2022 (15/2017) जीसीएमएस : 2022/00477
सरजीतकोर बनाम स्टेट आदि
अन्तर्गत 251ए आरटीएक्ट

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किए
06.03.2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीयां सरजीतकौर पुत्री सुखचैन सिहं निवासी 69 आर बी तहसील रायसिंहनगर ने प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर निवदेन किया कि प्र.स. 6/22 आगे चलाना नहीं चाहती है। उक्त प्रकरण में जमाशुदा राशि वापिस लेना चाहती है। उक्त प्रकरण में पूर्व में इस न्यायालय द्वारा दिनांक 22.05.2019 को वाके चके 69 आर बी के मु.न. 32 प.न. 203/274 के कि.न. 5–6–15–16–25 प्रत्येके में से एक एक बीस्वा कुल पॉच बिस्वा रास्ता इस शर्ते पर स्वीकृत किया कि रास्ते में आई भूमि के बदले में प्रार्थीया डी.एल.सी. की दुगुनी दर से मुआवजा राशी अप्रार्थीगण को देगा। प्रार्थीयां के द्वारा राशि जमा करवाने पर रास्ता गैरमुमकिन दर्ज करे। इस आदेश के विरूद्व गुरदीदार सिहं वगैरा ने श्रीमान् राजस्व अपील प्राधिकारी श्री गगांनगर के यहाँ अपील सं. 76/2019 अनवान गुरदीदार सिहं आदि बनाम सरजीतकौर आदि प्रस्तुत की गई। उक्त प्रकरण में उनके निर्णय दिनांक 18.08.2022 के द्वारा अपील अपीलान्ट स्वीकार कर अपीलाधीन आदेश दिनांक 22.05.2019 को निरस्त किया जाकर प्रकरण इन निर्देशों के साथ इस न्यायालय को प्रेषित किया कि राज. काश्त. अधि. की धार 251 क के नियम 69 की पालना करते हुये दोनो पक्षों को सुनकर विधिवत् रूप से पुनः निर्णय पारित किया जावे। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में प्राप्त होने पर अप्रार्थीगण को तलब किया गया । प्रकरण रिमाण्ड दर्ज किया गया। प्रार्थीयां का अधिवक्ता श्री सन्तकुमार बिश्नोई हाजिर आया। अप्रार्थीगण हाजिर नहीं । वकील प्रार्थीयां ने प्रा. पत्र प्रस्तुत कर निवदेन किया कि प्रकरण आगे चलाना नहीं चाहती है।प्रकरण में उसके द्वारा जमा शुद्वा राशि वापिस दिलवाई जावे। उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थीया का प्रा.पत्र स्वीकार किया जाकर वर्तमान स्टेज पर ही उक्त प्रा.पत्र की कार्यवाही समाप्त की जाती है। तथा प्रार्थीया द्वारा जमा शुद्वा राशि वापिस लौटाने के आदेश दिये जाते है। इस आशय का आदेश तहसीलदार रायसिहनगर के नाम [illegible]। अब पत्रावली में किसी भी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो। आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर	

Signature Not Verified
Digitally signed by Subhash Chandra
Date: 2024.04.24 16:19:28 IST
Reason: SelfAttested

AnyScanner